**राजस्थान सरकार**

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राजस्थान**

चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग,स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, राजस्थान, जयपुर फोन न. 0141–2229981, E mail ID : poimep.nrhm@yahoo.com


क्रमांक : F40/NHM/PMSMA/MH/2020/ 1612     दिनांक 21/05/2020

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
प्रमुख चिकित्सा अधिकारी,
समस्त जिले।

**विषयः– गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच, प्रसव पश्चात देखभाल एवं प्रसव के दौरान कोविड 19 के प्रबंधन बाबत्।**

**संदर्भः–** परिपत्र क्रमांकः F7/NHM/MH/2020/1512, दिनांक 30.03.2020 तथा F6/NHM/RCH/JSY/COVID 19/2020/1526 दिनांक 28.04.2020 के संबंध में।

जैसा कि विदित है कि वर्तमान मे सम्पूर्ण देश कोरोना वायरस महामारी से जूझ रहा है। इस दौरान बचाव ही निदान है। कोरोना वायरस महामारी के चलते गर्भवती महिलाओं को "कोरोना वायरस से बचाव के लिये निर्धारित सभी मापदण्डों" का अनुसरण करते हुऐ चिकित्सकिय सेवाऐं प्रदान की जानी है।

उक्त संदर्भित परिपत्र मे उल्लेखित दिशा निर्देश के साथ साथ **प्रसव पूर्व जांच, प्रसव पश्चात देखभाल एवं प्रसव सेवाओ के** सम्बंध मे निम्नानुसार दिशा निर्देश प्रदान किए जाते है–

**A. प्रसव पूर्व जांच**

- कोरोना वायरस के सम्बंध मे चिकित्सकिय स्टॉफ मे जागरूक्ता उत्पन्न करने के उददेश से **'COVID-19 Preventive Measures' Protocol** पर प्रशिक्षण करावे साथ उचित स्थान पर पोस्टर बनवाकर लगवाये ताकि बार–बार स्मरण किया जा सके।
- **'COVID-19 Screening Format'** प्रिन्ट करवाकर उपलब्ध करवाये के जिसके माध्यम से प्रसूति नियोजन दिवस, सुरक्षित मातृत्व दिवस, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दौरान, एमसीएच दिवस के दौरान स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रसव पूर्व जांच के दौरान एएनएम, सामुदायिक स्तर पर आशा/एएनएम, चिकित्सा संस्थान पर एएनएम, लेबर रूम मे लेबर रूम स्टाफ द्वारा महिला की **COVID-19 Screening** की जानी अनिवार्य है।
- यदि महिला कोविड 19 कन्टेनमेंट जोन/हॉट–स्पॉट क्लस्टर की रहने वाली नही है एंव महिला की EDD अगले 15 दिन के भीतर नहीं है–

  महिला का तापमान $38^0$ सेल्सियस (100.4° F) से अधिक है या महिला को खॉसी /गले में खराश या / और सॉस लेने में दिक्क़त है या महिला ने पिछले 14 दिनों मे कोरोना प्राभावित क्षेत्र में यात्रा की है या निम्न में से कोई भी बात महिला के लिए लागू होती है पिछले 14 दिनों में महिला के घर में कोई व्यक्ति कोविड 19 से संक्रमित पाया गया है महिला किसी कोविड 19 व्यक्ति के साथ 1 मीटर से कम एवं 15 मिनट से ज्यादा संपर्क मे आई है महिला किसी कोविड 19 व्यक्ति के शारीरिक द्रव्य के संपर्क में आई है/ महिला को कोई ऐसी बीमारी अथवा ऐसी दवा तो नहीं चल रही जिससे रोग/प्रतिरोधक क्षमता में कमी आती हो तो गर्भवती महिला को कोविड 19 का संभावित केस मानकर सभी सावधानी रखते हुए जरूरी प्रसव पूर्व सेवा प्रदान करेंगे, जिला प्रशासन को सूचित करते हुए कोविड 19 की जाँच के लिए प्रबंधन किऐ जाने है।
- यदि महिला कोविड 19 कन्टेनमेंट जोन/हॉट–स्पॉट /क्लस्टर की रहने वाली है एंव महिला की EDD अगले 15 दिन के भीतर है, तो गर्भवती महिला को कोविड 19 का संभावित केस मानकर सभी सलंग्न सावधानियॉ रखते हुए जरूरी प्रसव पूर्व सेवा प्रदान करेंगे, जिला प्रशासन को सूचित करते हुए कोविड 19 की जाँच के लिए प्रबंधन किऐ जाने है।

**B.** प्रसव के दौरान

**कोविड 19 संक्रमित गर्भवती महिला के प्रसव के दौरान ध्यान योग बातें –**

- गर्भवती महिला को सेवा देने वाले समस्त स्वास्थ्य कर्मी को PPE पहनना अति आवश्यक है।
- सभी गर्भवती महिलाओं को हाथों की सफाई एवं सामाजिक दूरी के बारें में परामर्श दें।
- प्रसव के दौरान केवल एक स्वस्थ प्रसव सखी को प्रसव कक्ष में जरूरी PPE के साथ रहने की अनुमती दें।
- संभावित कोविड 19 गर्भवती महिला को सर्जिकल मास्क दें एवं पहने रखने की सलाह दें।
- सभी महिलाओं को कोविड 19 के उच्च जोखिम (ट्रेवल हिस्ट्री, कोन्टेक्ट हिस्ट्री, हॉट–स्पॉट की निवासी एंव हृदयरोग / गुर्दारोग / डायबिटीज का इतिहास) हेतु स्क्रीन करें।
- प्रसव सेवा हेतु मात्र जरूरी स्टॉफ एवं आपातकालीन सेवा हेतु गायनेकोलोजिस्ट, एनेस्थेटिस्ट एंव शिशु विशेषज्ञ के लिए तैयारी रखें।

**C.** प्रसव पश्चात देखभाल

**कोविड 19 संक्रमित गर्भवती महिला के प्रसव पश्चात ध्यान योग बातें:–**

- जिला प्रशासन को सूचित करें एवं कोविड 19 की जॉच के लिए प्रबंधन करें।
- जॉंच का परिणाम आने तक महिला से नवजात को अस्थायी तौर पर अलग रखें।
- अस्थायी तौर पर अलग रखने के दौरान यदि महिला बच्चे को दूध पिलाना चाहती है तो उसे ब्रेस्ट पम्प द्वारा दूध निकालने के लिए प्रोत्साहित करें।
- ब्रेस्ट पम्प की सफाई एवं हाथों की सफाई का पूरा ध्यान रखना चाहिए।
- अगर किसी वजह से महिला एवं नवजात को एक ही कमरे में रखा गया है तो मॉ को मास्क पहनकर एवं हाथों की सफाई का ध्यान रखते हुए नवजात को स्तनपान करवाना चाहिए।
- मॉ और नवजात शिशु को एक ही कमरे में रखने की स्थिति हो तो नवजात को संक्रमण से बचाने के लिए मॉ से 6 फिट की दूरी पर रखें।
- अगर कोई स्वस्थ व्यक्ति नवजात की देखभाल के लिए नहीं है तो मॉ को मास्क पहनकर एवं हाथों की सफाई का ध्यान रखते हुए नवजात की देखभाल करे।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि **'COVID-19 Preventive Measures'** का पूर्ण रूप से अनुसरण करते हुऐ गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच, प्रसव पश्चात देखभाल एवं प्रसव सेवाएं दिए जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करते हुऐ प्रसव पूर्व जांच, प्रसव पश्चात देखभाल एवं प्रसव सेवाएं सुनिश्चित करावें।

संलग्न– **'COVID-19 Preventive Measures'**
**'COVID-19 Screening Format'**

(नरेश कुमार ठकराल)
मिशन निदेशक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

**प्रतिलिपि आवश्यक कार्यवाही एवं सूचनार्थ :–**

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाये, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, मिशन निदेशक, एन.एच.एम.।
3. निजी सहायक, अतिरिक्त मिशन निदेशक, एन.एच.एम.।
4. राज्य कार्यक्रम प्रबन्धक, एन.एच.एम.।
5. संयुक्त निदेशक, समस्त संभाग।
6. अधिक्षक, मेडिकल कॉलेज अस्पताल, समस्त जिले।
7. जिला प्रजनन शिशु एवं स्वास्थ्य अधिकारी/जिला कार्यक्रम प्रबंधक, समस्त जिले।
8. सर्वर प्रभारी कमरा संख्या 302।
9. रक्षित पत्रावली।

निदेशक, आरसीएच
चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं प.क.
राजस्थान, जयपुर

# स्क्रीनिंग चेक लिस्ट

## गर्भवती महिलाओं/प्रसूता की COVID 19 संभावना हेतु स्क्रीनिंग

(संस्था पर आने वाली सभी गर्भवती महिलाओं/प्रसूता के लिए अनिवार्य रूप से भरे)

गर्भवती/प्रसूता का नाम: ______________________ दिनांक: | | | | | | |

उम्र ________ साल EDD: | | | | | | |

पता ______________________________________________

| | [illegible] बिंदु की उपयुक्त प्रतिक्रिया हाँ अथवा नहीं वाले खाने पर सही का निशान लगा कर दें। [illegible] | हाँ | नही |
|---|---|---|---|
| 1 अ | क्या महिला COVID 19 कन्टेनमेंट जोन अथवा चिन्हित हॉट–स्पॉट/क्लस्टर क्षेत्र में रहती है? | ☐ | ☐ |
| 1 ब | यदि हाँ तो क्या महिला की EDD अगले 15 दिन के अंदर है? | ☐ | ☐ |
| 2 | क्या महिला का तापमान 38°C (100.4°F) या अधिक है? | ☐ | ☐ |
| 3 | क्या महिला को खाँसी और साँस लेने में दिक्कत है? | ☐ | ☐ |
| 4 | क्या महिला को कोई ऐसी बीमारी अथवा ऐसी दवा तो नहीं चल रही जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी आती हो? | ☐ | ☐ |
| 5 | क्या महिला ने पिछले 14 दिनों में किसी कोरोना प्रभावित क्षेत्र में यात्रा की है? | ☐ | ☐ |
| 6 | क्या महिला के लिए निम्न में से कोई भी बात/बातें लागू होती है? (सुनिश्चित करें कि महिला पूछी गई बातें समझ कर उत्तर दे रही है।) | | |
| | क्या महिला की जानकारी में उसके घर में पिछले 14 दिन कोई व्यक्ति COVID 19 से संक्रमित पाया गया है? | ☐ | ☐ |
| | क्या महिला को ऐसी जानकारी है की वह किसी COVID 19 संक्रमित व्यक्ति से 1 मीटर से कम दूरी एवं 15 मिनट से ज्यादा समय के लिए संपर्क में आई हो? | ☐ | ☐ |
| स | क्या महिला किसी COVID 19 संक्रमित व्यक्ति द्वारा उपयोग में लाई गई वस्तु अथवा ऐसे व्यक्ति के शारीरिक तरल के संपर्क में आई है? | ☐ | ☐ |
| | क्या महिला COVID 19 की जाँच का सेम्पल पहले लिया जा चुका है लेकिन परिणाम आना बाकी है? | ☐ | ☐ |

चेक लिस्ट पूरी भरने के बाद तुरन्त करने योग्य कार्यवाही:

- [illegible] प्रश्नों में उपरोक्त में से किसी भी प्रश्न में प्रत्युत्तर "हाँ" है तो महिला COVID 19 संभावित केस है
- महिला को प्राथमिकता देते हुए सम्पूर्ण PPE के इस्तमाल कर जाँच करे एवं प्रसव करवाएँ
- अगर महिला प्रसव के प्रथम चरण में है एवं गर्भाशय के मुख का फैलाव 4 सेमी से कम है एवं COVID 19 अस्पताल की दूरी 1 घटे 30 मिनट से कम है तो महिला को रेफर कर सकते हैं

हस्ताक्षर
लाभार्थी

हस्ताक्षर
स्वास्थ्यकर्मी

# प्रसव पश्चात्

## महिला एवं नवजात को प्राथमिकता देकर तुरंत जाँच करें

### महिला COVID 19 का संभावित केस है

**हाँ**

- जिला प्रशासन को सूचित करें एवं COVID 19 की जाँच के लिए प्रबंधन करें
- जाँच का परिणाम आने तक महिला से नवजात को अस्थायी तौर पर अलग रखें
- नवजात शिशु को महिला से अस्थायी रूप से अलग रखने के फायदे एवं खतरों के बारे में महिला को समझाएँ
- अस्थायी तौर पर अलग रखने के दौरान यदि महिला बच्चे को दूध पिलाना चाहती है तो उसे ब्रेस्ट पम्प द्वारा दूध निकालने के लिए प्रोत्साहित करें
- ब्रेस्ट पम्प की सफाई एवं हाथों की सफाई का पूरा ध्यान रखना चाहिए
- अगर किसी वजह से महिला एवं नवजात को एक ही कमरे में रखा गया है तो माँ को मास्क पहनकर एवं हाथों की सफाई का ध्यान रखते हुए नवजात को स्तनपान करवाना चाहिए
- माँ और नवजात शिशु को एक ही कमरे में रखने की स्थिति हो तो नवजात को संक्रमण से बचाने के लिए माँ से 6 फीट की दूरी पर रखें
- अगर कोई स्वस्थ व्यक्ति नवजात की देखभाल के लिए नहीं है तो माँ को मास्क पहनकर एवं हाथों की सफाई का ध्यान रखते हुए नवजात की देखभाल करनी चाहिए

**नहीं**

- महिला COVID 19 का संभावित केस नहीं है
- महिला को अन्य रिस्क हेतु स्क्रीन करते हुए सरकार के दिशानिर्देशानुसार जरुरी प्रसव–पश्चात् सेवाएँ दें
- महिला को बताएँ
  - अगर आप COVID 19 संक्रमण से ग्रस्त हैं तो भी सबसे ज़्यादा संभावना इस बात की है कि आपको कोई लक्षण नहीं होंगे और यदि हुए भी तो ये काफी सामान्य अथवा हल्के स्तर के होंगे जिससे आप पूरी तरह स्वस्थ हो जाएँगी
  - अगर ज्यादा गंभीर लक्षण होते हैं अथवा स्वस्थ होने में ज्यादा समय लग रहा है, इसका मतलब है कि आपके फेफड़ों में ज्यादा संक्रमण है और उचित देखभाल चिकित्सा के लिए आपको तुरंत स्वास्थ्य कर्मी से संपर्क करना चाहिए
  - आपके नवजात को आपसे संक्रमण ना हो इसके लिए स्तनपान करवाने से पहले एवं बाद में हाथों को साफ करें एवं अपना मुंह बच्चे के पास ना लाएँ
- माँ एवं नवजात अगर संपूर्ण स्वस्थ हैं तो प्रसव के 24 घंटे बाद सरकार के दिशा निर्देश अनुसार डिस्चार्ज दे सकते हैं

**प्रसव पश्चात् ध्यान में रखने वाली जरुरी बातें**

- COVID 19 की जाँच की रिपोर्ट जब तक नहीं आये तब तक नवजात को अस्थायी रूप से माँ से अलग रखें
- नवजात को माँ के साथ रखने का निर्णय बीमारी की गम्भीरता, चिकित्सकों की सलाह अनुसार और संक्रमण के खतरे को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए
- जाँच का परिणाम एवं COVID 19 के लक्षणों के आधार पर महिला को 14 दिन तक घर पर या अस्पताल पर आइसोलेशन में रखा जाना चाहिए

CHILDREN'S INVESTMENT FUND FOUNDATION

jhpiego

# गर्भवती महिला

महिला COVID 19 कन्टेनमेंट ज़ोन/हॉट–स्पॉट/क्लस्टर की रहने वाली है एवं महिला की EDD अगले 15 दिन के भीतर है

**हाँ**

- गर्भवती महिला को COVID 19 का संभावित केस मानकर सभी सावधानी रखते हुए ज़रुरी ANC सेवा प्रदान करें
- जिला प्रशासन को सूचित करें एवं COVID 19 की जाँच के लिए प्रबंधन करें

**नहीं**

- महिला का तापमान 38°C (100.4°F) से अधिक है या
- महिला को खाँसी/गले में खराश या/और साँस लेने में दिक्कत है या
- महिला ने पिछले 14 दिनों में कोरोना प्रभावित क्षेत्र में यात्रा की है या
- निम्न में से कोई भी बात महिला के लिए लागु होती है
  - पिछले 14 दिनों में महिला के घर में कोई व्यक्ति COVID 19 से संक्रमित पाया गया है
  - महिला किसी COVID 19 व्यक्ति के साथ 1 मीटर से कम एवं 15 मिनट से ज़्यादा संपर्क में आई है
  - महिला किसी COVID 19 व्यक्ति के शारीरिक द्रव्य के संपर्क में आई है
  - महिला को कोई ऐसी बीमारी अथवा ऐसी दवा तो नहीं चल रही जिससे रोग/प्रतिरोधक क्षमता में कमी आती हो

**हाँ** → (ऊपर "हाँ" के निर्देश)

**नहीं**

- गर्भवती महिला COVID 19 के संभावित केस नहीं है
- महिला को ज़रुरी ANC सेवाए प्रदान करें
- महिला को अगली ANC भेंट हेतु दिनांक बताए एवं धयान रखें कि कम–से–कम 12, 20, 28 एवं 36 सप्ताह के गर्भावस्था पर ANC जाँच अवश्य हों
- महिला को COVID 19 बिमारी के बारे में जानकारी साँझा करें
  - अगर आप को COVID 19 संक्रमण होता है तो भी सबसे ज़्यादा संभावना इस बात की है कि आपको कोई लक्षण नहीं होंगे और यदि हुए भी तो ये काफी सामान्य अथवा हल्के स्तर के होंगे जिससे आप पूरी तरह स्वस्थ हो जाएँगी
  - अगर ज़्यादा गंभीर लक्षण होते हैं अथवा स्वस्थ होने में ज़्यादा समय लग रहा है, इसका मतलब है कि आपके फेफड़ो में ज़्यादा संक्रमण हैं और उचित देखभाल चिकित्सा के लिए आपको तुरंत स्वास्थ्य कर्मी से संपर्क करना चाहिए
  - आप अपनी ASHA एवं ANM दीदी के संपर्क में रहें एवं ऊपर बताए गए गर्भावस्था के सप्ताह पर अवश्य ANC जाँच करवाएँ
- गर्भवती को हाथों की सफाई एवं सामाजिक दूरी का महत्व बताए

## COVID 19 का गर्भवती महिला पर प्रभाव

- गर्भावस्था दौरान सामान्यतः महिला की रोगप्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है, जिससे गर्भवती महिला को COVID 19 के गंभीर लक्षण हो सकते हैं
- लेकिन् गर्भवती महिला में COVID 19 के हल्के लक्षण और अवस्था में जल्द सुधार देखा गया है
- ह्रदयरोग वाली गर्भवती महिला को COVID 19 होने पर खतरे की संभावना ज़्यादा होती है
- योनि के स्राव में एवं माँ के दूध में COVID 19 संक्रमण अभी तक नहीं पाया गया किंतु माँ से गर्भस्थ शिशु में कोरोना के संक्रमण के कुछ प्रमाण मिले हैं
- अभी तक COVID 19 के कारण गर्भपात होने का कोई सबूत मिला है ना ही कोई टेराटोजेनिक प्रभाव साबित हो पाया है
- COVID 19 संक्रमण वर्तमान में MTP का सूचक नहीं है

# प्रसव के दौरान
# महिला को प्राथमिकता देकर तुरंत जाँच करें

↓

**महिला COVID 19 कन्टेनमेंट ज़ोन/हॉट–स्पॉट/क्लस्टर की रहने वाली है**

**हाँ**

- गर्भवती महिला को COVID 19 का संभावित केस मानकर सभी सावधानी रखते हुए प्रसव के लिए तैयारी करें/प्रसव करवाएँ
- अगर महिला प्रसव की शुरुआती अवस्था में है और प्रसव में देरी है एवं समय रहते DCH (डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल) पर रेफर कर सकते हैं तो रेफर करें
- प्रसव करवाई गई महिला के बारे में प्रसव–पश्चात् जिला प्रशासन को सूचित करें एवं COVID 19 की जाँच के लिए प्रबंधन करें

**नहीं**

- महिला का तापमान 38°C (100.4°F) से अधिक है या
- महिला को खाँसी/गले में खराश या/और साँस लेने में दिक्कत है या
- महिला ने पिछले 14 दिनों में कोरोना प्रभावित क्षेत्र में यात्रा की है या
- निम्न में से कोई भी बात महिला के लिए लागु होती है
  - पिछले 14 दिनों में महिला के घर में कोई व्यक्ति COVID 19 से संक्रमित पाया गया है
  - महिला किसी COVID 19 व्यक्ति के साथ 1 मीटर से कम एवं 15 मिनट से ज़्यादा संपर्क में आई है
  - महिला किसी COVID 19 व्यक्ति के शारीरिक द्रव्य के संपर्क में आई है
  - महिला को कोई ऐसी बीमारी अथवा ऐसी दवा तो नहीं चल रही जिससे रोग/प्रतिरोधक क्षमता में कमी आती हो

**हाँ** → (ऊपर "हाँ" वाले निर्देश लागू करें)

**नहीं**

- महिला COVID 19 के संभावित केस नहीं है
- महिला को अन्य रिस्क हेतु स्क्रीन करते हुए सरकार के दिशा निर्देश अनुसार सुरक्षित प्रसव कराएँ
- महिला को बताए
  - अगर आप COVID 19 संक्रमण से ग्रस्त हैं तो भी सबसे ज़्यादा संभावना इस बात की हैं कि आपको कोई लक्षण नहीं होंगे और यदि हुए भी तो ये काफी सामान्य अथवा हल्के स्तर के होंगे जिससे आप पूरी तरह स्वस्थ हो जाएँगी
  - अगर ज़्यादा गंभीर लक्षण होते हैं अथवा स्वस्थ होने में ज़्यादा समय लग रहा है, इसका मतलब है कि आपके फेफड़ों में ज़्यादा संक्रमण हैं और उचित देखभाल चिकित्सा के लिए आपको तुरंत स्वास्थ्य कर्मी से संपर्क करना चाहिए
  - आपके नवजात को आपसे संक्रमण ना हो इसके लिए स्तनपान करवाने से पहले एवं बाद में हाथों को साफ करें एवं अपना मुंह बच्चे के पास ना लायें
  - माँ एवं नवजात अगर संपूर्ण स्वस्थ हैं तो प्रसव के 24 घंटे बाद सरकार के दिशा निर्देश अनुसार डिस्चार्ज दे सकते हैं

**प्रसव के दौरान ज़रुरी बातें**

- गर्भवती को सेवा देने वाले समस्त स्वास्थ्य कर्मी को PPE पहनना अति आवश्यक है
- सभी गर्भवती महिलाओं को हाथों की सफाई एवं सामाजिक दूरी के बारे में परामर्श दें
- प्रसव के दौरान केवल एक स्वस्थ प्रसव सखी को प्रसवकक्ष में ज़रुरी PPE के साथ रहने की अनुमती दें
- संभावित COVID 19 गर्भवती महिला को सर्जिकल मास्क दें एवं पहने रखने की सलाह दें
- सभी महिलाओ को COVID 19 के उच्च जोखिम (ट्रेवल हिस्ट्री, कोन्टेक्ट हिस्ट्री, हॉट–स्पॉट की निवासी एवं हृदयरोग/गुर्दारोग/डायबिटीज़ का इतिहास) हेतु स्क्रीन करें
- प्रसव सेवा हेतु मात्र ज़रुरी स्टाफ एवं आपातकालीन सेवा हेतु गायनेकोलोजिस्ट, एनेस्थेटिस्ट एवं शिशु विशेषज्ञ के लिए तैयारी रखें